24

राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226001

संख्या जी:–1245/जी०एस०
दिनांक 05 मार्च, 2021

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
आयुष विभाग,
उ०प्र० शासन,
लखनऊ।

विषयः– राजभवन में आयुष दवाओं की स्थानीय क्रय हेतु बजट आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है, कि आयुष दवाओं की उपलब्धता एवं उसके उपभोग के बाद कोई प्रतिकूल प्रभाव मानव शरीर पर न पड़ने के दृष्टिगत आयुष दवाओं की ओर विशिष्ट जन एवं सामान्य जनता का विश्वास बढ़ा है।

2– राजभवन एक विशिष्ट कार्यालय/स्थान की श्रेणी में आता है। राजभवन में समय–समय पर विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का आवागमन होता रहता है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए राजभवन में एक डिस्पेंसरी की कई वर्ष पूर्व स्थापना की गई थी, जिसमें चिकित्सा की विभिन्न विधाओं जैसे एलोपैथी होम्योपैथी, यूनानी, आयुर्वेदिक चिकित्सकों के माध्यम से राजभवन में आने वाले विशिष्ट जनों एवं राजभवन में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों आदि को चिकित्सीय परामर्श एवं दवाईयाँ उपलब्ध करानी होती है। कभी–कभी उक्त चिकित्सा कार्य में औषधालय स्तर पर उपलब्ध दवाओं के द्वारा इलाज किया जाना सम्भव नहीं हो पाता है, और उपलब्ध दवाओं से इतर दवाओ की भी आवश्यकता पड़ जाती है।

उपर्युक्त परिस्थितियों की दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि राजभवन की विशिष्ट प्रकृति के दृष्टिगत रू० 25,000/– (रूपया पच्चीस हजार मात्र) प्रतिमाह आयुष दवाओं के स्थानीय क्रय करने हेतु राजभवन चिकित्सालय को बजट आवंटित करने का कष्ट करें जिससे विशिष्ट जनों की चिकित्सा करने में कोई बाधा न उत्पन्न हो तथा आयुष दवाओं की कमी के कारण राज्यपाल सचिवालय को विषम परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल उ०प्र०